# सुजाग्रति संस्था द्वारा स्कूलों में वृक्षा रोपण

सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना द्वारा पर्यावरण को ठीक करने हेतु विद्यालय में पहले उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया जिसके तहत् स्कूल में 400 पौधों की नर्सरी स्कूली बच्चों के सहयोग से बनाना तय हुआ। इस कार्यक्रम में नर्सरी की तकनीकि जानकारी देने के लिए वनविभाग से डिप्टी रेंजर श्री देवराज द्वारा बताया गया की नर्सरी हेतु सामाग्री व तकनीकि ज्ञान वनविभाग द्वारा प्रदान किया जायेगा। तथा सुरक्षा की दृष्टि से पिपरई पंचायत के मुखीया श्री द्वारिका प्रसाद नेता जी द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि हम ग्रामवासी इस नर्सरी में सहयोग एंव सुरक्षा करेंगे। नर्सरी व प्लान्टेशन के पीछे मुख्य उद्देश्य यह है की बच्चे नर्सरी के बैड बनाना, पन्नी में मिट्टी, गोबर की खाद, रेत और दीमक दवा का अनुपात जानें साथ ही बीजा रोपण सीखें एंव नर्सरी का रख–रखाव जानें फिर प्लान्टेशन करना सीखें। संस्था का मिशन यह की आओ करके सीखें पर्यावरण को ठीक करना। उन्मुखीकरण कार्यक्रम के बाद संस्था, स्कूल एंव ग्रामिणें के सहयोग से आज दिनांक 11/07/2018 को वृक्षा रोपण कार्यक्रम मा0 विद्यालय पिपरई के प्रांगण में किया गया। इसके बाद पिपरई गांव में पारम्परिक देशी बीजों हेतु श्री रामनारायण पिप्पल के बैठक में बीज बैंक स्थापित करने का निर्णय लिया गया। पारम्परिक बीजों हेतु विण्डवा में भी किसानों से चर्चा हुई।







अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0 प्र0